आइआइएम रांची ने मेरिट कम मींस स्कालरशिप को किया लांच

जासं, रांची : आइआइएम रांची ने रणनीतिक योजना और लोगों और समाज को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने के लक्ष्य के अनुरूप मेरिट कम मींस छात्रवृत्ति कार्यक्रमं शुरू किया है। इसके तहत हर साल 25 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। संस्थान में एमबीए, एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स एमबीए-मानव संसाधन प्रबंधन कार्यक्रम और प्रबंधन में एकीकृत कार्यक्रम (आइपीएम) के छात्र छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगे। छात्रवृत्ति का मूल्य लगभग हर साल एक करोड़ रुपये होगा।

छात्रवृत्ति का पुरस्कार मेधावी लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को न्यूनतम लागत पर एक अग्रणी प्रबंधन संस्थान में अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगा। आइआइएम रांची वर्तमान में एनआइआरएफ में 15वें स्थान पर है और राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है। 13 वर्षों के अपने इतिहास में इसने देश के शैक्षिक परिदृश्य में अग्रणी स्थान हासिल किया है। आइआइएम रांची द्वारा प्रदान की जाने वाली मेरिट कम मींस स्कालरशिप ने संस्थान की रणनीतिक योजना आइआइएम आरंची 2030 को ध्यान में रखा है।

हर साल 25 मेधावी और जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को लगभग एक करोड़ रुपये छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी

इन्हें मिलेगी छात्रवृत्ति

छात्रवृत्ति जरूरतमंद लेकिन मेधावी छात्रों के एक विविध समूह तक पहुंचती है, छात्रवृत्ति के पुरस्कार के मानदंड में माता-पिता की आय सीमा होती है। उन छात्रों को शामिल नहीं किया जाता है, जिन्होंने अन्य छात्रवृति का लाभ उठाया है। इसके अलावे छात्रवृत्ति पुरस्कार मानदंड उन छात्रों को महत्व प्रदान करता है जो दिव्यांग हैं या अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति श्रेणियों से संबंधित हैं। यह अनुमान लगाया गया है कि छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए जो विस्तृत और समावेशी मानदंड तैयार किए गए हैं, वे संस्थान में अध्ययन के स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तरों पर पृष्ठभूमि की एक विस्तृत श्रृंखला से मेधावी छात्रों को शामिल करने में सक्षम होंगे। सभी पात्र छात्र जिन्हें आगामी शैक्षणिक वर्ष (2023-24) में प्रवेश दिया जाएगा या वर्तमान में संस्थान में कवर किए गए कार्यक्रमों में अध्ययन कर रहे हैं, मेरिट कम मींस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने में सक्षम होंगे।

Dainik Jagran_18.05.2023_Pg. 04